# भाजपा की 33 सदस्यीय नगर कार्यकारिणी घोषित

**▶ कार्यकारिणी में 9 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री और 6 नगर मंत्री बनाए**

**इंदौर.** भाजपा की नगर कार्यकारिणी आज घोषित हो गई. कार्यकारिणी में 9 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री और 6 नगर मंत्री सहित कुल 33 नेताओं को जगह मिली है. कार्यकारिणी में विजयवर्गीय, मेंदोला और शुक्ला समर्थकों के नाम ज्यादा है. कार्यकारिणी में दो महिलाओं को लेकर आश्चर्यजनक माना जा रहा है. दोनों का अंदरूनी विरोध भी है.

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने आज अपनी 33 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित कर दी. प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुमति से 33 सदस्यीय कार्यकारिणी में 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 8 नगर मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, एक सह कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी और उसके साथ दो सह मीडिया प्रभारी, एक कार्यालय मंत्री के साथ दो सह कार्यालय मंत्री, एक सोशल मीडिया प्रभारी के साथ दो सह मीडिया प्रभारी सहित कुल 33 सदस्य बनाए गए है. 5 महिलाएं भी नगर कार्यकारिणी शामिल की गई है.

### विजयवर्गीय, मेंदोला समर्थकों का दबदबा

भाजपा की नई नगर कार्यकारिणी में कैलाश विजयवर्गीय और रमेश मेंदोला के समर्थक हरप्रीत बक्शी, भूपेंद्र केसरी, सुधीर कोल्हे, दीप्ति हाड़ा, स्वाति काशिद, सहित सबसे ज्यादा पद और स्थान मिला है. इसके बाद गोलू शुक्ला समर्थक नितिन शर्मा, कैलाश पिपले, विशाल यादव को स्थान मिला है. सांसद शंकर लालवानी कंचन गिदवानी और महेंद्र हार्डिया समर्थक नेहा शर्मा को स्थान मिला है, लेकिन विधायक मालिनी गौड़ के पुत्र एकलव्य को स्थान नहीं मिला है. पिछली कार्यकारिणी में एकलव्य नगर मंत्री थे. वहीं गौड़ के खास समर्थक वीरेंद्र शेंडके को भी स्थान नहीं दिया गया है. शेंडके को महामंत्री बनाने को लेकर गौड़ अड़ी थी, लेकिन सिंधी समाज को साधते हुए महेश कुकरेजा को महामंत्री बनाया गया है. इंदु श्रीवास्तव को नगर मंत्री, मंडल अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने पर बना दिया है. मीडिया प्रभारी और सोशल मीडिया में भी यही हाल है. वरुण पाल आरएसएस से हैं, लेकिन एक मेंदोला और एक गोलू समर्थक को सह प्रभारी बनाकर साधा गया है.

# भाजपा नगर अध्यक्ष के फोटो पर कालिख पोती और पुतला जलाया, नारेबाजी

**▶ नगर कार्यकारिणी घोषित होने के बाद विरोध प्रदर्शन**

**इंदौर.** भाजपा की नगर कार्यकारिणी घोषित होने के तीन घंटे बाद ही कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन हो गया. खाती समाज की उपेक्षा को लेकर जीतू जिराती समर्थकों ने जमकर नारेबाजी कर नगर अध्यक्ष मिश्रा के पोस्टर पर कालिख पोती दी. साथ ही कार्यालय में उनकी नेम प्लेट और दरवाजे पर भी कालिख पोती गई.

भाजपा में आज दरी उठाने और जमीनी कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट गया. नगर कार्यकारिणी घोषित होने के तीन घंटे बाद ही कार्यालय पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया. नई कार्यकारिणी में नेताओं के समर्थकों को महत्व दिया गया है. बताया जा रहा है कि जीतू जिराती समर्थक और खाती समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन चौधरी ने खाती




### व्यापक परामर्श के बाद कार्यकारिणी का गठन : मिश्रा

मामले में नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित और विचारधारा आधारित संगठन है. जिला कार्यकारिणी का गठन पूरी संगठनात्मक प्रक्रिया और व्यापक परामर्श के बाद किया गया है. पार्टी में प्रत्येक समाज, वर्ग और क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का योगदान हमारे लिए अमूल्य है. कार्यकारिणी की घोषणा के बाद कुछ तत्वों द्वारा दुष्प्रचार किया गया. जबकि जिनके नामों को लेकर इस्तीफों की बात कही गई, उन्होंने स्वयं वीडियो जारी कर इन अफवाहों का खंडन किया है. संगठन में सभी को उनकी सक्रियता, समर्पण और योग्यता के आधार पर आगे बढ़ने का अवसर मिलता है. हम सब मिलकर संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे.

समाज के निलेश चौधरी और मनोज चौधरी को कार्यकारिणी में स्थान नहीं दिए जाने को लेकर प्रदर्शन और खूब नारेबाजी की. इतना ही नहीं कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर पर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के फोटो पर कालिख पोती दी. इसके बाद मिलाप मिश्रा ने कार्यालय में मिश्रा के कमरे के बाहर लगी नेम प्लेट और दरवाजे पर कालिख पोती. प्रत्यक्षदर्शी लोगों का कहना है कि मिलाप नशे में धुत्त थे और किसी को नहीं पहचान रहे थे. खाती समाज के पवन चौधरी ने कहा कि समाज भाजपा को वोट करता है और उस समाज को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया. कांग्रेस ने जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया और भाजपा में नगर कार्यकारिणी में स्थान नहीं देना पूरे खाती समाज की उपेक्षा है. आगामी चुनाव में खाती समाज कांग्रेस को समर्थन देगा और भाजपा को राऊ से अब हार का सामना करना पड़ेगा.

## एक नजर में

### मप्र पिकलबॉल एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न

**इंदौर.** मध्य प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन, जो अखिल भारतीय पिकलबॉल एसोसिएशन से आधिकारिक रूप से संबद्ध है, में पदाधिकारियों का चयन संपन्न हुआ। श्री स्वप्निल कोठारी को अध्यक्ष और डॉ. बलवंत सालुंके को सचिव के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया. नवनियुक्त अध्यक्ष स्वप्निल कोठारी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी हैं. वे एक प्रतिष्ठित उद्यमी, चार्टर्ड एकाउंटेंट, शिक्षाविद्, राजनीतिज्ञ और लेखक हैं. इस अवसर पर स्वप्निल कोठारी ने कहा हमारा प्रयास रहेगा कि पिकलबॉल को मध्य प्रदेश के कोने-कोने तक पहुँचाया जाए. हमारी रणनीतिक दृष्टि और प्रशासनिक कौशल खेल की संरचना को पेशेवर बनाने और इसे राज्य की अन्य प्रमुख खेल संस्थाओं के बीच मान्यता दिलाने में मदद करेंगे. डॉ. बलवंत सालुंके के सचिव के रूप में अनुभव का लाभ भी एसोसिएशन को मिलेगा, जिससे संगठनात्मक और जमीनी स्तर की गतिविधियों को मजबूती मिलेगी.

### टाटा एआईए का नया प्लान शुभ फॅमिली प्रोटेक्ट

**इंदौर.** जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड ने प्रस्तुत किया है नया टाटा एआईए शुभ फॅमिली प्रोटेक्ट. यह टर्म प्लान पारंपरिक टर्म प्लान की तुलना में अनूठा और क्रांतिकारी है, जो आपको तत्काल एकमुश्त पेआउट और 30 सालों तक लचीली मासिक आय दोनों देता है. नए प्लान के बारे में, कार्यकारी उपाध्यक्ष बैंकाश्योरेंस, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस, कमल भारद्वाज ने कहा टाटा एआईए में हम मानते हैं कि सिर्फ वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना काफी नहीं है, बल्कि परिवारों का ज़िन्दगी के हर पड़ाव पर समर्थन करना ज़रूरी है. शुभ फॅमिली प्रोटेक्ट में हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि परिवारों को वह वित्तीय सुरक्षा मिलें जिसकी उन्हें ज़रूरत होती है, साथ ही लचीलापन भी जिसके वे हक़दार हैं.

### अखाड़े के साथ निकली शोभायात्रा



**इंदौर.** नवरत्न बाग स्थित विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में श्री सर्वेश्वरी देवी की भागवत कथा शुरू हो गई. इसके पूर्व बड़ी ग्वाल टोली स्थित श्रीराम मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकली. आगे-आगे बैंड- बाजे मधुर धुनों में भजन गा रहे थे. महिलाएं मधुर स्वरों में गीत गाते हुए चल रही थी. साथ में अखाड़े के युवा अपना कौशल प्रदर्शन कर रहे थे. शोभा यात्रा में सर्वेश्वरी देवी, महंत मंगलदास खाकी और संत मंडली भी साथ थी. मुख्य यजमान सिर पर भागवत की पोथी लिए हुए थे. शोभा यात्रा श्रीराम मन्दिर से शुरू होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंची. शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया. प्रवीण जोशी ने बताया कि हनुमान मन्दिर पर 2 नवंबर तक श्रीमद भागवत सप्ताह, प्रवचन, छप्पन भोग एवं अन्नकूट महोत्सव मनाया जा रहा है. महोत्सव के तहत नीलांचल धाम ओंकारेश्वर की श्री सर्वेश्वरी देवी की संगीत मय कथा रोजाना शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक होगी.

### सचिदानंद उपाध्याय को टाइम मैगज़ीन में दूसरी बार स्थान

**इंदौर,** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (एलएमआईएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर सचिदानंद उपाध्याय ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है — टाइम मैगज़ीन में लगातार दूसरी बार फीचर होकर. यह दुर्लभ सम्मान उन्हें वैश्विक व्यापार जगत के उन चुनिंदा व्यक्तियों के समूह में शामिल करता है, जिनमें भारत के कुछ सबसे सम्मानित उद्योग अग्रणी भी शामिल हैं, जिन्हें उद्योग और समाज में उनके योगदान के लिए दो बार फीचर किया जा चुका है. टाइम मैगज़ीन की एंटरप्रेन्योर्स टू वॉच सूची में 2024 और 2025 दोनों वर्षों में सचिदानंद उपाध्याय का नाम शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि वह भारत में हेल्थकेयर और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग के भविष्य को नया आकार देने वाले एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित लीडर बन चुके हैं. टाइम मैगज़ीन की प्रोफ़ाइल में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि सचिदानंद उपाध्याय ने किस तरह लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ को भारत के नवाचार एजेंडे के अनुरूप एक सशक्त मेडटेक और डायग्नोस्टिक्स संस्था में परिवर्तित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

### अमेज़न ने निर्यात में 20 अरब डॉलर का आंकड़ा किया पार

**इंदौर.** अमेज़न ने आज घोषणा की कि उसने अमेज़न ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम के ज़रिये 2015 से 2025 के बीच भारत से लाखों भारतीय विक्रेताओं को 20 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात करने में मदद की. 2020 में अमेज़न ने 2025 तक भारत से कुल 10 अरब डॉलर के ई-कॉमर्स निर्यात का लक्ष्य रखा था, जिसे बाद में उसी समय-सीमा के भीतर बढ़ाकर 20 अरब डॉलर कर दिया गया. अमेज़न ने समय से पहले ही इस बढ़े हुए निर्यात लक्ष्य को पूरा कर लिया. अमेज़न ग्लोबल सेलिंग इंडिया के प्रमुख श्रीनिधि कलवापुडी ने कहा अमेज़न ने भारत की पारंपरिक निर्यात श्रेणी, जैसे स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल, सौंदर्य प्रसाधन, खिलौने, घरेलू परिधान और फर्नीचर, आदि में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है. यह गति भारतीय व्यवसायों की महत्वाकांक्षा और वैश्विक व्यापार में ई-कॉमर्स निर्यात की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है। हम इस सफलता के आधार पर, 2030 तक अपने 80 अरब डॉलर के संचयी ई-कॉमर्स निर्यात लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए, प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष, क्षमता निर्माण और परितंत्र साझेदारी के ज़रिए वैश्विक बिक्री को सरल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### उज्जैन नगर निगम को इलेक्ट्रिक वाहन किए दान

**उज्जैन.** अपनी प्रमुख सामुदायिक पहल प्रोजेक्ट शाइन के तहत हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस ने उज्जैन नगर निगम को चार इलेक्ट्रिक कचरा संग्रहण वाहनों का दान किया है. मध्य प्रदेश के उज्जैन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन वाहनों को औपचारिक रूप से उज्जैन नगर निगम को सौंपा गया. इस अवसर पर उज्जैन के महापौर मुकेश टाटवाला, निगम अध्यक्ष किलावती यादव, तथा एचसीसीबी के प्रतिनिधियों और समुदाय के सदस्यों की उपस्थिति रही. तिलकेश्वर, कृष्णापुरा, अवंतिका और निगम क्षेत्रों की सेवा करते हुए, ये ईवी कचरा संग्रहण वाहन न केवल उज्जैन के लगभग 1200 घरों तक कचरा संग्रहण की सुविधा प्रदान करेंगे, बल्कि नगर निगम की दरवाज़े-दरवाज़े कचरा संग्रहण की दक्षता में भी सुधार लाएंगे. भारत भर में स्थानीय नगर निगमों और शासकीय संस्थाओं के साथ साझेदारी के माध्यम से, एचसीसीबी सतत कचरा प्रबंधन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अवसंरचना में निवेश करना जारी रखता है.

# विशेष राजस्व शिविर का लाभ लें करदाता : महापौर

**▶ निगम जोनल कार्यालय में आज से 15 दिन तक विशेष राजस्व शिविर लगेंगे**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नगर निगम कर सभी झोनल कार्यालय पर आज से 15 दिन तक विशेष राजस्व शिविर लगाए जा रहे है. शिविर में करदाता अपने संपत्ति कर खाते में संशोधन और रहवासी स्थान पर व्यवसायिक उपयोग होने के बदल सकते है. साथ शिविर में अपने खातों के राशि की जानकारी भी ले सकते है.**

नगर निगम के राजस्व विभाग के जीआईएस सर्वे से बस कारवाई करने के विरोध के बाद सभी झोनल कार्यालय पर राजस्व शिविर लगाए जा रहे हैं. एक लेकर निगम और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि विशेष राजस्व शिविर का लाभ लेकर करदाता अपने नए खाते खोल सकता है. साथ ही खाते में गलत जानकारी होने पर सुधार भी करवा सकते हैं. यह शिविर करदाताओं को असुविधा एसडी बचाने के लिए लगाए जा रहे हैं. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि करदाता यदि संपत्तिकर आवासीय दर से जमा कर रहे हो और मौके पर संपत्ति का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है, तो व्यावसायिक दर से कर की राशि जमा की जा सकती है.

# स्टार्टअप पार्क और कन्वेंशन सेंटर के टेंडर बुलाने पर सहमति

**▶ आईडीए बोर्ड बैठक में निर्णय**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में गांधीनगर मेट्रो डिपो के पास पीपीपी मॉडल पर कन्वेंशन सेंटर और सुपर कॉरिडोर पर स्टार्ट अप पार्क निर्माण के टेंडर जारी किए जाएंगे. साथ ही मेट्रो पॉलिटियन प्लान भोपाल के स्कूल ऑफ प्लानिंग से बनवाया और मॉनिटरिंग काम करवाने का निर्णय आईडीए बोर्ड बैठक में लिया गया है.**




आज आईडीए की बोर्ड बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य करने और कुछ काम पीपीपी मॉडल पर करवाने का निर्णय लिया गया. गांधीनगर मेट्रो डिपो के सामने 10 हजार सीटों वाले कन्वेंशन सेंटर के लिए पीपीपी मॉडल पर आर्थिक एवं विकास कार्य निविदा बुलाने पर सहमति दी गई. वही सुपर कॉरिडोर पर योजना 151 और 169 बी पर स्टार्ट अप पार्क के निर्माण और कंसल्टेंट शर्तो में पीपीपी आधार पर टेंडर जारी करने का निर्णय लिया गया. इसके अलावा बोर्ड बैठक में मेट्रो पॉलिटियन प्लान के इन्वेस्टमेंट और मॉनिटरिंग कार्य के लिए एजेंसी तय की गई. उक्त कार्य भोपाल के स्कूल ऑफ प्लानिंग से करवाने का निर्णय किया गया है. साथ ही बोर्ड बैठक टीपीएस 8 में 60 मीटर रोड और एमआर 12 के रोड अलॉयमेंट के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेने का तय कर भोपाल भेजने का निर्णय लिया गया.

### इन कार्यों की भी दी स्वीकृति

शहर में टीपीएस 5 और 4 में बगीचों के निर्माण, पाथवे बनाने के लिए 17.65 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई. आईडीए की सभी संपत्तियों को सूची बनाकर नगर निगम को संपत्तिकर भुगतान करने के स्वीकृति दी गई. बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदामा खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, डीएफओ प्रदीप मिश्रा, टीएनसीपी संयुक्त संचालक शुभाशीष बैनर्जी, पीएचई अधीक्षण यंत्री सी एस खरत, पीडब्ल्यूडी अधीक्षण यंत्री सुनील कुमार उदिया, एमपीईबी अधीक्षण यंत्री दिलीप कुमार गाठे सहित आईडीए के अधिकारी मौजूद थे.

# मेट्रो का सर्वे, मिट्टी परीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

**▶ व्यापारियों और रहवासियों का विरोध**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज मल्हारगंज में मेट्रो के अधिकारी सर्वे और मिट्टी परीक्षण करने पहुंचे. इसको लेकर क्षेत्रीय रहवासियों और व्यापारियों ने विरोध किया. कल ही मंत्री विजयवर्गीय ने मल्हारगंज में मेट्रो स्टेशन नहीं बनाए जाने के घोषणा की थी.**




आज मेट्रो स्टेशन निर्माण को लेकर मेट्रो रेल के अधिकारी मल्हारगंज छोटे गणपति पर स्थल निरीक्षण करने पहुंचे. अधिकारी मिट्टी परीक्षण और स्टेशन निर्माण करने को लेकर सर्वे करने शुरू किया. मेट्रो को लेकर मौके स्थिति का जायजा लेने लगे, उसी दरमियान क्षेत्रीय व्यापारी और रहवासियों ने कारवाई का विरोध किया. व्यापारियों ने इसके बाद मेट्रो अधिकारियों ने को घेर लिया और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मेट्रो स्टेशन निर्माण मल्हारगंज में नहीं बनाया जाएगा की घोषणा के जानकारी दी. मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कहा कि हमे लिखित में पत्र भी मिला है। लिखित में पत्र मिलने के बाद कारवाई रोक दी जाएगी.

### पुरानी पहचान खत्म हो जाएगी : रहवासी

रहवासियों ने बताया कि मल्हारगंज मेट्रो स्टेशन के कारण 45 मकान और 150 परिवार प्रभावित हो रहे है. शहर की पुरानी पहचान खत्म हो जाएगी. हम सभी मिलकर मेट्रो अधिकारियों को लिखित में पत्र भिजवाने की मंत्री से बात करेंगे.




# प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

**इंदौर. अखिल भारतीय पारीक महासभा द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन छावनी स्थित मोदी परिसर में किया. इसमें भगवान को 56 भोग लगाकर महाआरती की गई. प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान हुआ.**

महासभा के अध्यक्ष कैलाश चंद पारीक, सचिव मनीष शर्मा ने बताया कि दीपावली मिलन समारोह में भगवान को 56 तरहो के पकवानों का छप्पन भोग छप्पन भोग लगाया, 108 दीपों से महाआरती हुई. 1500 से अधिक समाजजन ने सम्मिलित होकर भगवान की आराधना की. आयोजन में विद्याधाम के महामंडलेश्वर चिन्मयानंद सरस्वती महाराज, ओखलेश्वर धाम के महंत सुभाष महाराज, हंसदास मठ के महंत पवन दास महाराज सहित अन्य मौजूद थे. आयोजन में डॉ. ज्योति जोशी ने मेधावी बच्चों का सम्मान किया. आयोजन में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया. महोत्सव में भजन गायक मुकेश महाराज ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी. गौरव एमजी पारीक ने आभार माना.

# अहिल्या माता गोशाला पर गोपाष्टमी कल, गो भक्त घरों से लेकर आएंगे लड्डू गोपाल

**इंदौर.** केशरबाग रोड़ स्थित प्राचीन अहिल्या माता गौशाला पर गुरुवार, 30 अक्टूबर को सुबह 7.30 से दोपहर 2 बजे तक गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गोमाता पूजन, गो-गोपाल मिलन, गोमाता के अन्नकूट सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे. इस अवसर पर गोशाला आने वाले गो भक्तों को गोशाला में ही उपजे आंवला का निशुल्क वितरण भी किया जाएगा और आधुनिक मशीन से आभा मंडल टेस्टिग सहित गर्भवती माताओं के गर्भस्थ शिशु में श्रेष्ठ संस्कारों के लिए विशेषज्ञ वैद्यों द्वारा गर्भ संस्कार जैसे कार्यक्रम भी होंगे. पिछले वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालु अपने साथ घर के लड्डू गोपाल को लेकर गोशाला आएंगे और गो माता से मिलन एवं परिक्रमा का पुण्य लाभ उठाएंगे.

गोशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुरूजी, मंत्री पुष्पेन्द्र धनोतिया एवं संयोजक सी.के. अग्रवाल ने बताया कि गोपाष्टमी पर आधुनिक मशीन से ओरा टेस्टिंग, गर्भ संस्कार, बच्चों के लिए मिट्टी के बर्तन बनाने की कार्यशाला तथा प्राचीन कांसा चिकित्सा पद्धाति द्वारा असाध्य रोगों के उपचार और गोशाला स्थित सप्त गोमाता मंदिर में गोमाता की जीवंत झांकी, तर्पण-अर्पण के लिए चमत्कारिक त्रिवेणी वृक्ष, श्रेष्ठ गुणवत्ता की जैविक खाद, जीव दया की सेवा के लिए पक्षी तीर्थ, गोमाता से जुड़े विशेष पर्वों पर पूजा एवं गोदान के लिए पूजन सामग्री एवं पंडित की निशुल्क व्यवस्था, आयुर्वेद चिकित्सकों के सानिध्य में गर्भधारण परामर्श एवं कार्यशाला सहित विभिन्न आयोजन भी होंगे.

# कूटनीति का अर्थ दूसरों के विचारों को समझना भी : कुलपति

**इंदौर. श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मॉडल यूनाइटेड नेशंस (आईएमयूएन) सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. मॉडल यूनाइटेड नेशंस एक शैक्षणिक सिमुलेशन और प्रतियोगिता है, जिसमें विश्वभर से आए विविध पृष्ठभूमि के ज्ञानवान छात्र वैश्विक संवाद और कूटनीति की भावना को समझने और अनुभव करने के लिए एक साथ आते हैं.**




उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल जसविंदर सिंह संधू थे. लेफ्टिनेंट जनरल श्री संधू ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में जो भी कार्य किया, वह केवल कर्तव्य नहीं बल्कि जिम्मेदारी की भावना से प्रेरित था. उन्होंने कहा कि युद्ध और संघर्ष मानव सभ्यता के आरंभ से ही अस्तित्व में रहे हैं और भविष्य में भी रहेंगे, क्योंकि प्रत्येक राष्ट्र, समुदाय और जनजाति अपने हितों की रक्षा के लिए प्रयासरत रहते हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करते रहने का आह्वान किया. कुलपति डॉ. योगेश सी. गोस्वामी ने स्वागत भाषण दिया. उन्होंने कहा कि यहाँ उपस्थित छात्र मात्र प्रतिभागी नहीं, बल्कि विवेकी चिंतक हैं. आईएमयूएन एक ऐसा सशक्त मंच है जो वैश्विक गांव की भावना को पोषित करता है और छात्रों को सुनने की कला तथा चिंतन की कला सीखने में मदद करता है. उन्होंने अपने संबोधन का समापन इस विचार के साथ किया कि कूटनीति का अर्थ चर्चा पर हावी होना नहीं बल्कि दूसरों के विचारों को समझना है.

### बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना उद्देश्य

सुश्री स्मृति मुखर्जी सचिव जनरल, एमवीवीवी, आईएमयूएन ने सम्मेलन का परिचय देते हुए बताया कि यह आईएमयूएन का नौवां संस्करण है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना और उन्हें व्यवहारिक शिक्षण के माध्यम से अनेक बातें सिखाना है. हर्ष देशपांडे निदेशक जनरल एमवीवीवी आईएमयूएन ने आईएमयूएन 2025 सम्मेलन का औपचारिक उद्घोष किया. डॉ. अनुराग जोशी संकाय समन्वयक एमवीवीवी. आईएमयूएन ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया. डॉ. सौरभ जैन, संकाय समन्वयक, एसवीवीवी-आईएमयूएन ने आभार माना.

## एक नजर में

**वर्ल्ड स्ट्रोक डे पर कोकिलाबेन अस्पताल के डॉ. दिनेश चौकसे ने बताए बचाव के उपाय**

# अब कम उम्र में ही बढ़ने लगी ब्रेन स्ट्रोक की बीमारी

**इंदौर.** आज के दौर में ब्रेन स्ट्रोक यानी मस्तिष्क आघात सिर्फ बुजुर्गों की बीमारी नहीं रह गई है बल्कि अब यह तेजी से युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रही है. पहले 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में यह समस्या आम मानी जाती थी, लेकिन अब किसी भी उम्र के लोग ब्रेन स्ट्रोक के शिकार हो रहे हैं. इसके कई कारण है जिनमें बदलती जीवनशैली, असंतुलित आहार, तनाव और देर तक स्क्रीन पर काम करना और घंटों मोबाईल पर समय बिताना आदि इसके प्रमुख कारणों में शामिल हैं.



उक्त जानकारी कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी अस्पताल के न्योरोलॉजी के सीनियर कन्सल्टेन्ट डॉ. दिनेश चौकसे ने दी. साथ ही उन्होंने ब्रेन स्ट्रोक के लिए जागरुक संबधी और बचाव के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि जब मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है या रक्तस्राव हो जाता है, तो उसे ब्रेन स्ट्रोक कहा जाता है। इसके दो प्रमुख प्रकार हैं पहला इस्केमिक स्ट्रोक, जब मस्तिष्क में रक्त पहुंचाने वाली धमनी में ब्लॉकेज हो जाता है और दूसरा हेमरेजिक स्ट्रोक, जब मस्तिष्क की कोई रक्त वाहिका फट जाती है और रक्तस्राव होने लगता है. दोनों ही स्थितियाँ मस्तिष्क की कोशिकाओं को नुकसान पहुँचाती हैं और तुरंत उपचार न मिलने पर जीवन को खतरा बढ़ सकता है. उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में अब युवाओं में यह समस्या कई कारणों से बढ़ रही है जिसके कई कारण है. इसमें तनाव और अवसाद, असंतुलित आहार, धूम्रपान और शराब, डायबिटीज और हाई बीपी और लंबे समय तक बैठने से भी थक्के बनने की संभावना बढ़ती है।

### ये हैं शुरुआती लक्षण

चेहरे या शरीर के किसी हिस्से में सुन्नपन या कमजोरी, बोलने या समझने में परेशानी, शब्द ठीक से न निकलना, एक आंख से धुंधला दिखना या दृष्टि में कमी, संतुलन बिगड़ना, चलने या खड़े रहने में कठिनाई, तेज़ सिरदर्द, खासकर बिना किसी कारण के.

### इन बचावों को अपनाकर बचें स्ट्रोक के खतरे से

संतुलित आहार लें, इसमें फल, हरी सब्ज़ियाँ, साबुत अनाज और कम नमक वाला भोजन अपनाएँ. नियमित व्यायाम करें, रोज़ाना 30 मिनट पैदल चलना या योग करना मस्तिष्क को सक्रिय रखता है. तनाव कम करें जिसके लिए मेडिटेशन और पर्याप्त नींद लें और मोबाईल का इस्तेमाल कम से कम करें. धूम्रपान व शराब से दूर रहें. ब्लड प्रेशर और शुगर की नियमित जांच करवाएं.



# गोवंश की सेवा का अभियान चलाने का संकल्प

**इंदौर.** अग्रवाल वैश्य एकता प्रकल्प के तत्वावधान में चैतन्य भारत और गौसेवा भारती के सदस्यों का दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नपूर्णा महोत्सव का आयोजन सुदामा नगर स्थित प्रकल्प के कार्यालय पर महामंडलेश्वर संत दादू महाराज के सानिध्य एवं सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार, समाजसेवी संजय बांकड़ा, कैलाशचंद्र खंडेलवाल, पार्षद जीतू राठोर, महापौर प्रतिनिधि भरत पारख एवं खाती समाज के महेश चौधरी के आतिथ्य में किया गया. सबने गौवंश की सेवा का अभियान चलाने का संकल्प भी व्यक्त किया. सभी अतिथियों ने गौमाता की सेवा भी की. कार्यक्रम में गौ सेवकों का सम्मान भी किया गया. संचालन एवं अतिथियों का स्वागत गौरव अग्रवाल ने किया.